# जनदर्शन में पहुंचे हरिचंद छत्तर के आवेदन पर हुई त्वरित कार्यवाही, वाहन का स्थायी लाईसेंस हुआ जारी : कलेक्टर गोयल ने जनदर्शन में जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

**विभागीय अधिकारियों को जनसामान्य की समस्याओं का शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश**

**रायगढ़**



जनदर्शन में आज तहसील लैलूंगा ग्राम-नारायणपुर के रहने वाले हरिचंद छत्तर वाहन का स्थायी लाईसेंस जारी कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल को बताया कि टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन के लाईसेंस हेतु आवेदन किया था। जिसमें निर्धारित प्रक्रिया अनुसार लर्निंग लाईसेंस तो प्राप्त हुआ, लेकिन बीते 7 माह के बावजूद भी स्थायी लाईसेंस अप्राप्त था। जबकि वे विभागीय अनुसार सारा दस्तावेज जमा कर चुके है। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि वे वाहन परिचालन का कार्य करते है और स्थायी लाईसेंस न मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर गोयल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी को आवेदन पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में संबंधित अधिकारी द्वारा आवेदन पर कार्यवाही करते हुए आवेदक को मौके पर स्थायी लाईसेंस जारी कराया गया।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज जिला कार्यालय के सृजन सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर गोयल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन में दिलकुंवर सिदार, रायगढ़ ने व्यवसाय हेतु विधिवत ऋण राशि स्वीकृत होने के बावजूद भी बैंक प्रबंधन द्वारा राशि प्रदाय न किए जाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि व्यवसाय करने हेतु विधिवत आवेदन प्रस्तुत की थी। उक्त आवेदन पर राशि भी स्वीकृत हो गयी है। लेकिन बैंक प्रबंधन द्वारा आवेदिका को राशि देने में टाल-मटोल किया जा रहा है। जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर गोयल ने संबंधित अधिकारी को आवेदन पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह वार्ड क्रमांक 28 चंद्रनगर के मोहल्लेवासी अवैध मकान निर्माण को रोक लगाए जाने के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मोहल्ले में गली के मुख्य नाली को बंद कर लक्ष्मीनारायण द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। जबकि उसी नाली में मोहल्ले के कई घरों का निस्तार पानी पाईप के माध्यम से जा रहा है। मोहल्लेवासी संबंधित व्यक्ति को ऐसा करने से मना करने पर उनके द्वारा धमकाया जा रहा है। कलेक्टर गोयल ने आयुक्त नगर निगम को आवेदन पर जांच कार्यवाही के निर्देश दिए।

प्राची विहार कालोनी के रहवासियों मोबाइल टॉवर हटाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि प्राची विहार कालोनी टीवी टावर अतरमुड़ा के पास स्थित है जो कि पूर्णत: आवासीय कालोनी है। यहां कालोनी के गली नंबर 2 में निवासरत एक व्यक्ति के मकान के ऊपर एयरटेल का मोबाइल टॉवर लगा हुआ है। जो कि पिछले चार महीनों से संचालित हो रहा है। संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल टॉवर स्थापित करने से पूर्व कालोनी समिति से अनुमति भी नहीं ली है, जो कि पूर्णत: अवैध है। उन्होंने बताया कि मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडिएशन बहुत ही खतरनाक है और यह स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। ऐसी स्थिति को लेकर कालोनीवासी कलेक्टर को उक्त मकान से मोबाइल टावर हटाये जाने के संबंध में निवेदन किया। कलेक्टर गोयल ने आवेदन पर संबंधित विभाग को नियमानुसार उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। शत्रुघन मेहर बिना अनुमति निर्माण पर रोक लगाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि कोष्टापारा शासकीय कन्या शाला के पास किरोड़ीमल ट्रस्ट की भूमि स्थित है। जिस पर ट्रस्ट की अनुमति से विगत लगभग 3 वर्षो से लघु व्यवसाय हेतु ठेला रखा हुआ है, जबकि मोहल्ले का ही शुभम खरारी द्वारा प्रार्थी के ठेला को हटाकर नगर पालिक निगम से मकान बनाने की अनुमति लिए बिना ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिससे प्रार्थी का ठेला सड़क की ओर करने से यातायात भी प्रभावित हो रहा है। मेहर ने बिना अनुमति निर्माण पर अविलम्ब रोक लगाये जाने हेतु निवेदन किया। ताकि रोड की चौड़ाई पर विपरीत प्रभाव न पड़े। इसी तरह अन्य लोग भी राशन कार्ड, पेंशन, आवास सहित अन्य मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नक्सलियों ने निर्दोष ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

**बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लाल आतंक के खिलाफ जवानों को लगातार कामयाबी मिल रही है. जवानों की कार्रवाई से बौखलाए नक्सली कायराना करतूत को अंजाम दे रहे हैं. इस बीच बीजापुर जिले में माओवादियों ने एक निर्दोष ग्रामीण की हत्या कर दी है. माओवादियों ने ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर धारदार हथियार से मौत के घाट उतारा है. यह मामला भोपालपटनम् थाना क्षेत्र के पोषणपल्ली गांव का है. जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 55 वर्षीय कन्हैया ताती पिता हुंगा ताती के रूप में हुई है. हत्या के बाद नक्सलियों ने शव को दुब्बापारा पोषणपल्ली पुराना स्कूल के पास फेंक दिया. घटना स्थल पर ग्रामीण की लाश के पास नक्सलियों का पर्चा भी मिला है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं पुलिस ने घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी है।

### आठ आईएएस अधिकारियों का तबादला

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन ने भारतीय प्रशानिक सेवा के अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। राज्य में सेवारत आठ भाप्रसे अफ सरों को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ अन्य प्रभारी भी सौंपे गए है। जारी सूची के अनुसार अन्बलगन पी सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग से सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग तथा सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। टोपेश्वर वर्मा सचिव राजस्व मंडल बिलासपुर को अस्थाई रूप से सदस्य राजस्व मंगल बिलासपुर के पद पर पदस्थ करते हुए अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। के डी कुंजाम विशेष सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए विशेष सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग एवं संचालक मुद्रण एवं लेखन सामाग्री का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रमेश कुमार वर्मा विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को प्रबंध संचालक मार्कफेड के पद पर पदस्थ किया गया है। नान के संचालक जितेंद्र कुमार शुक्ला को वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के एमडी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया हैं। विनीत नंदनवार संयुक्त सचिव मंत्रालय को संचालक भू अभिलेख के पद पर पदस्थ करते हुए संयुक्त सचिव जनशिकायत एवं निवारण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह डॉ. फरिहा आलम उप सचिव स्कूल शिक्षा विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ सचिव श्रम विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## हमारा प्रयास नक्सली गोली की भाषा छोड़कर आत्मसमर्पण करें और मुख्यधारा में जुड़ें - मुख्यमंत्री

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर उन्हें गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 23 वर्ष पूरा करने पर दी बधाई**

**रायपुर । आरएनएस**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। उन्होंने मुलाकात के अवसर पर प्रधानमंत्री को जनसेवा के शानदार 23 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री साय ने मुलाकात की जानकारी देते हुए बताया कि 7 अक्टूबर 2001 को हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। आज उनके मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 23 साल पूरे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मोदी जी की गारंटी पर तेजी से किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। इसके साथ ही प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में नक्सल प्रभावित राज्यों की बैठक के संबंध में भी बताया। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्री, डीजीपी आदि उपस्थित थे। बैठक में विस्तार से अच्छी समीक्षा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 महीने में लगातार नक्सल-आतंकवाद के खिलाफ लगातार कार्यवाही की गई। इस लड़ाई में डबल इंजन की सरकार होने का लाभ भी मिला। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस दौरान बहुत से मुठभेड़ हुए जिसमें सुरक्षा बलों के जवानों ने 194 नक्सली मार गिराए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षा बल लगातार साहस दिखा रहे हैं। हम उन्हें बधाई देते हैं और उनके साहस को नमन करते हैं। 9 महीने के अंदर 801 नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है और 742 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जो आत्मसमर्पण कर रहे हैं। उन्हें अच्छी सुविधा प्रदान करें। पुनर्वास नीति को बेहतर करने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अनेक राज्यों का दौरा किया। वे हाल ही में असम गये, वहां की पुनर्वास नीति भी देखी। हम उन्हें अच्छी से अच्छी सुविधा देने का प्रयास कर रहे हैं। हम प्रयास कर रहे हैं कि नक्सली गोली की भाषा छोडक़र आत्मसर्पमण करें और विकास की मुख्यधारा से जुड़े। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दो दिन पहले ही हम बीजापुर गये थे वहां 70 लोगों को नियुक्ति पत्र देकर आये हैं जो नक्सल पीड़ित परिवारों से हैं। पहले भी नियुक्ति पत्र हमने सौंपा है। हमारी सरकार लगातार उनकी सुविधाओं के लिए कार्य कर रही है। चर्चा के दौरान उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा तथा मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा भी मौजूद रहे।

## रायपुर में 8 बुलेट चालकों पर लगा 40 हजार का जुर्माना

**रायपुर । आरएनएस**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकं पश्चिम दौलत राम पोर्ते, एवं नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन कुमार झा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आजाद चौक निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा नशा का सेवन कर वाहन चलाते 32 चालको के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर वाहन जप्त कर प्रकरण न्यायिक दण्डाधिकारी न्यायालय रायपुर पेश किये जाने पर प्रत्येक चालको पर 10,000-10,000 रूपये का जुर्माना न्यायालय द्वारा कुल 3,20,000 रूपये का किया गया। अव्यस्क बालक के द्वारा वाहन चलाते पाये जाने पर तीन वाहन चालको के वाहन जप्त किये जाकर धारा 4/181 मोटर व्हीकल एक्ट का प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड माना पेश किये जाने पर कुल 1700 रूपये तथा वाहन स्वामी के खिलाफ धारा 199 क मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही करते हुए प्रकरण न्यायिक दण्डाधिकारी न्यायालय रायपुर पेश किये जाने पर कुल 87,000 रूपये का जुर्माना किया गया। बुलेट मोटर सायकल में कंपनी से लगे साइलेंसर को चेंज कर तेज फटाके की तरह आवाज वाले मोडिफाईड साइलेंसर लगाकर बुलेट मोटर सायकल चलाने वाले 8 मोटर सायकल पर धारा 182 क (4) मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर 5000-5000 रूपये कुल 40,000 रूपये का समन शुल्क थाना प्रभारी द्वारा काटा जाकर , साइलेंसर निकलवाया गया।

## कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में स्वच्छता ही सेवा एवं रक्तदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रायगढ़**




कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, रायगढ़ में स्वच्छता ही सेवा एवं रक्तदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय एवं छात्रावास के आस-पास की साफ-सफाई की गई। इस दौरान महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली, परिचर्चा, निबंध लेखन काव्यपाठ आदि शामिल था। इसी तारतम्य में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रात: 9.00 बजे रक्तदान करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई और महाविद्यालय में जागरूकता से संबंधित रक्तदान जागरूकता के बारे में विभिन्न प्रतियोगिता एवं रंगोली कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के बीज में रखी गई थी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.आर.राठिया द्वारा रक्तदान के महत्व एवं भारत में रक्त की आवश्यकता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। गत 2 अक्टुबर 2024 को मेघा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को अपने आस-पास को स्वच्छता बनाये रखने एवं समाज में जागरूकता फैलाने हेतु शपथ दिलाई गई।

## चाकू दिखाकर लोगों का मोबाइल लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर । आरएनएस**

प्रार्थी द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 05.08.2024 को अपनी गाडी 6 चक्का में सामान लेकर भिलाई से गुजरात जा रहे थे रास्ते में पेण्ड्री ढाबा के पास खाना खाने रूके थे, हेल्फर गाडी में लेटा था और प्रार्थी पीछे गाडी में खाना खा रहा था उसी दौरान गाडी में दो व्यक्ति ताकझाक कर रहे थे चोर-चोर चिल्लाने पर आवाज सुनकर अपनी गाडी के पास आया तो दोनो व्यक्ति ढाबा की ओर चला गया प्रार्थी भी पीछे गया और ट्रक मे क्या कर रहे हो पूछने पर दोनो व्यक्ति ढाबा से सब्जी प्याज काटने के चाकूनुमा धारदार हथियार को दोनो व्यक्ति उठाकर सिर व सीने के पास वार कर प्रार्थी का रियल मी कंपनी का मोबाईल को बलपूर्वक झपटकर छीनकर भाग गये एवं घटना में प्रयुक्त चाकूनुमा धारदार हथियार को ढाबा में ही फेककर भाग गये ढाबा वाले से पूछने पर चोट पहुचाने वाले दोनो व्यक्ति का नाम जया नेताम एवं अन्य 01 निवासी अटल आवास पेण्ड्री का रहने वाले बताये जो घटना को अंजाम देकर फरार हो गये कि रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 330/2024 धारा 118(1), 304(2), 3(5) क्चहस् कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी की सुचना जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में टीम गठित किया जाकर दौरान विवेचना घटना स्थल पेंड्री ढाबा से दो नग चाकू जप्ती किया गया। आरोपी की पता तलाश के दौरान आरोपी को सकुनत पर पता करने पर फारार होना बताये। दिनांक 08.10.2024 को जरिये मुखबीर सूचना मिला की आरोपी जया नेताम को अटल आवास में उपस्थित होने की सूचना पर अटल आवास पेण्ड्री हमराह स्टाफ के पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर स्टेषन लाकर पूछताछ करने पर दिनांक घटना समय को 01 अन्य के साथ घटना कारित करने का जुर्म स्वीकार करने पर गवाहो की उपस्थिति में आरोपी जया उर्फ जय नेताम पिता तुलसी नेताम उम्र 19 साल साकिन वार्ड नं 21 ब्लाक नं 06 अटल आवास पेण्ड्री थाना लालबाग का मेमोरण्डम कथन लेने पर जुर्म स्वीकार करते हुये घटना में प्रयुक्त हथियार को पेंड्री ढाबा में फेक देना एवं मोबाईल पुराना होने से एम0पी0 फर्नीचर के किनारे फेक देना बताये। आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजन को दिया जाकर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे सउनि शोभाराम बेरवंशी, आरक्षक राकेश ठावरे, कमल किशोर की भूमिका सराहनीय रही।

## टमाटर हुआ और लाल, सब्जियों के दाम भी छू रहे आसमान

**रायपुर । आरएनएस**

नवरात्रि में सब्जियों के भाव लगातार बढऩे से लोग परेशान है। टमाटर तो जैसे आंखे तरेर रहा है। पहले से महंगाई की मार अब आम लोगों के लिए सब्जियों के बढ़ते दामों ने नई मुसीबत खड़ी कर दी है...

नवरात्रि में सब्जियों के भाव लगातार बढऩे से लोग परेशान है। टमाटर तो जैसे आंखे तरेर रहा है। पहले से महंगाई की मार अब आम लोगों के लिए सब्जियों के बढ़ते दामों ने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। इन दिनों मार्केट में टमाटर 100-110 रूपये किलो तक बिक रहा है। वहीं, ग्राहकों का कहना है कि टमाटर ही एक मात्र ऐसी सब्जी है जिसे गरीब आदमी इसका इस्तेमाल बिना सब्जी के भी खाने में कर लेता था, लेकिन अब इसके दाम बढ़ गए हैं। इससे आम ग्राहकों में खासी मायूसी है।

**बारिश के कारण हुआ नुकसान-** सब्जी के थोक विक्रताओं का कहना है कि इस साल बारिश के कारण टमाटर की खेती खराब हुई है। खेतों में पानी की वजह से टमाटर की फसल बढ़ नहीं पाई। इस बार बारिश में किसानों को काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। मार्केट में टमाटर नहीं आ रहे और जो आ रहे वो महंगे बिक रहे है। थोक विक्रेताओं का कहना हैं कि शायद त्योहार के बाद सब्जियों के दामों में कमी आ सकती है।

राजधानी रायपुर के होलसेल मार्केट में टमाटर थोक में 60-70 रूपये किलो और चिल्लर में 100-110 रूपये किलो बिक रहा है। बरबटी थोक में 50-60, चिल्लर में 80-90, करेला 40-50 किलो, चिल्लर में 70 रूपये। पत्तागोभी 40 रूपये किलो, फूल गोभी 60-70 रूपये थोक में, चिल्लर में 100 रूपये किलो तक बिक रहा है। भिंडी थोक में 55-60 रूपये किलो, चिल्लर में 100 रूपये किलो तक और सेमी थोक में 65-70 और चिल्लर में 90 रूपये किलो तक बिक रहा है।

यही टमाटर दुर्ग में 80 रूपये किलो, जांजागीर में 70 रूपये, कांकेर में 65-70 रूपये और धमतरी में 80-90 रूपये किलों तक बिक रहा है। रायपुर में सब्जिया और फलों के दाम छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से 10 से 20 रुपये महँगा है। वहीँ, लहसुन-प्याज के दाम भी स्थिर बने हुये है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से की मुलाकात

**नईदिल्ली/रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। बैठक में राज्य के औद्योगिक कॉरिडोर, अंतरराष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाओं और कई अन्य विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी देने का आश्वासन दिया है, जिससे राज्य को एक नई दिशा मिलेगी। बैठक का मुख्य मुद्दा छत्तीसगढ़ के औद्योगिक कॉरिडोर का विकास था। मुख्यमंत्री साय ने केंद्र से अनुरोध किया कि कोरबा-बिलासपुर-रायपुर को नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर से जोड़ा जाए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस प्रस्ताव पर कहा कि इसे जल्द कार्यान्वित किये जाने का आश्वासन दिया. उन्होंने इस संबंध में भारत सरकार के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश भी दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने रायपुर में अंतरराष्ट्रीय एयर कार्गो सुविधाओं की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया रायपुर के पुराने टर्मिनल का उपयोग इस सुविधा के लिए किया जा सकता है, जिससे निर्यात में आसानी होगी। केंद्रीय मंत्री गोयल ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द मंजूरी देने का आश्वासन दिया। यह सुविधा राज्य के उद्योगों को वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने में मदद करेगी। बैठक में एपीडा (कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) सर्टिफिकेशन कार्यालय की स्थापना का मुद्दा भी उठाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यालय की स्थापना से छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादों को वैश्विक मान्यता मिलेगी, जिससे किसानों और उद्योगपतियों को लाभ होगा। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रस्ताव पर कहा कि भारत सरकार इस पर हर संभव मदद करेगा। बैठक में रायपुर स्थित कॉनकोर कंटेनर डिपो की क्षमता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि वर्तमान में डिपो की कुल क्षमता का केवल 15त्न उपयोग हो रहा है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि अधिक शिपिंग लाइनों को जोड़ा जाए, जिससे निर्यात लागत में कमी आएगी और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने इस पर भी सकारात्मक रुख दिखाया और कहा कि जल्द ही शिपिंग मंत्रालय के साथ इस मुद्दे को हल किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने नवा रायपुर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी मांग की। यह प्रस्ताव छत्तीसगढ़ को एक व्यापारिक और औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे राज्य की वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और नए व्यापारिक अवसर उत्पन्न होंगे। केंद्रीय मंत्री गोयल ने इन सभी प्रस्तावों पर सहमति जताते हुए जल्द कार्यान्वयन का आश्वासन दिया। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, छत्तीसगढ़ के औद्योगिक वाणिज्य सचिव रजत कुमार, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सैन, आवासीय आयुक्त श्रुति सिंह भी उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU